प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07.10.2023 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में बैठक कर गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए किफायती आवास ऋण उपलब्ध कराने की तैयारियों की समीक्षा की।
- जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने जमशेदपुर में राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव का किया उद्घाटन, जनजातीय कारीगर और कलाकार हुए शामिल।
- जीएसटी परिषद् ने खुले में बेचे जाने वाले 70 प्रतिशत बाजरायुक्त आटे पर कोई जीएसटी नहीं लगाने का लिया फैसला, शीरे पर जीएसटी 28 से घटाकर किया 5 प्रतिशत।

और

- हॉन्गचोओ एशियाई खेलों में आज भारत ने छह स्वर्ण समेत 12 पदक जीते, पदकों की कुल संख्या हुई 107, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी बधाई।

और अब समाचार विस्तार से

************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से दिये गए भाषण में की गई घोषणाओं की समीक्षा के लिए आज नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक की। स्वतंत्रता दिवस के भाषण में श्री मोदी ने गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए आवास उपलब्ध कराने के लिए किफायती ऋण सुनिश्चित करने का जिक्र किया था। बैठक में उन्होंने इस घोषणा को लागू करने के संबंध में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में घरों के लिए सौर ऊर्जा सुनिश्चित करने का भी उल्लेख किया था। बैठक में इसकी तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

************

दुमका के सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय ने पीजी सेमेस्टर–2 सत्र 2022–24 की इस साल होने वाली परीक्षा के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की तारीख में परिवर्तन किया गया है। अब परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने के एक सप्ताह पहले तक विलंब शुल्क 500 रुपये के साथ फॉर्म भर सकेंगे।

************

पर्यावरण संरक्षण को लेकर टाटा स्टील की ओर से कदमा के के. एफ. फ्लाइट के पास सिटी फॉरेस्ट पार्क का निर्माण किया गया है। इस पार्क का विधिवत उद्घाटन आज टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी और टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी ने किया।

************

जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा जमशेदपुर में आज से सोलह अक्टूबर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव–आदि महोत्सव का उद्घाटन किया। केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय और ट्राईफेड द्वारा आयोजित आदि महोत्सव में लगभग 350 जनजातीय कारीगर और कलाकार शामिल हुए। ट्राईफेड झारखंड के क्षेत्रीय प्रबंधक एसके राजू ने बताया कि आदि महोत्सव में डेढ़ सौ से ज्यादा स्टॉल्स में हस्तशिल्प, प्राकृतिक उत्पाद और जनजातीय व्यंजन विशेष रूप से उपलब्ध कराए गए हैं।

************

रामगढ़ जिले में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत लोगों को साफ–सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

************

लोहरदगा के उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक वर्चुअल माध्यम से हुई। इसमें सभी थाना प्रभारियों से बीते दो माह में अवैध बालू उठाव, बाक्साईट खनन, पत्थर खनन से संबंधित जानकारी ली गई।

************

हजारीबाग के टाटीझरिया दुधमटिया में आज पर्यावरण मेला का आयोजन किया गया। इसमें हजारों लोगों ने जंगल की रक्षा के लिए पूजा–अर्चना की। इस दौरान सबने वृक्षों को बचाने का संकल्प लिया। यहां पिछले 29

वर्षों से हर वर्ष 7 अक्टूबर के दिन वृक्ष रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमें लोग वृक्ष लगाने और उसे बचाने की शपथ लेते हैं।

************

धनबाद के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी में नए एसपी डॉक्टर कैलाश कुमार ने कल कार्यभार संभाल लिया है। करीब 2 वर्षों से यहां एसपी की पदस्थापना नहीं हुई थी। डीएसपी की देखरेख में धनबाद में कार्य चल रहे थे। अब धनबाद और दुमका प्रमंडल का क्षेत्र एसपी डॉक्टर कैलाश के अधीन होगा।

************

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में वस्तु और सेवा कर–जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक हुई। वित्तमंत्री ने बताया कि बैठक में जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल के अलावा बाजरा तथा शीरे पर जीएसटी की दरों के बारे में फैसला लिया गया। उन्होंने कहा कि परिषद ने शीरे पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इससे गन्ना उत्पादक किसान लाभान्वित होंगे।

श्रीमती सीतारामन ने कहा कि सत्तर प्रतिशत बाजरायुक्त आटा खुले में बेचे जाने पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। लेकिन पैकेट में लेबल के साथ बेचे जाने वाले ऐसे आटे पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

************

दुमका के उपायुक्त ए. डोड्डे ने जिले के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ बैठक की और उन्हें समय पर और सही मात्रा में लाभुकों को अनाज देने का सख्त निर्देश दिया।

************

जामताड़ा पुलिस को साइबर अपराध के मामले में एक और सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जामताड़ा थाना क्षेत्र के सोनबाद गांव में छापामारी कर तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं।

************

साहिबगंज जिले के बरहेट प्रखंड के आदिम जनजाति बाहुल्य इलाके केतला टोला में कल डायरिया से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है। बताया गया कि अंधविश्वास के कारण सभी लोग काफ़ी दिनों से झाड़ फूंक में फंसे हुए थे और समय पर इलाज नहीं होने के कार्̣ण उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद उपायुक्त राम निवास यादव के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम कैंप लगाकर जांच कर रही है तथा तीन अन्य लोगों को उपचार के लिए बरहेट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

************

चीन में हांगचोओ एशियाई खेलों में आज भारत ने 6 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक सहित कुल 12 पदक जीते हैं। इसके साथ ही इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य के साथ कुल 107 पदक जीत चुकी है। आज पुरुष क्रिकेट में भारत को स्वर्ण पदक मिल गया है। वहीं पुरूषों की कबड्डी के फाइनल में भारत ने ईरान को हराकर स्वर्ण पदक जीता। महिला कबड्डी में भी भारत ने चीनी ताइपे को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। बैडमिंटन के पुरुष डबल्स में चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रंकी रेड्डी की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीत लिया है। तीरंदाजी में ज्योति सुरेखा वेन्नम ने एशियाई खेलों का रिकॉर्ड बनाते हुए महिला कंपांउड के फाइनल में दक्षिण कोरिया को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता।

इधर महिला हॉकी में भारत ने जापान को हराकर कांस्य पदक प्राप्त किया। महिला हॉकी टीम में झारखंड की तीन खिलाड़ी सलीमा टेटे, संगीता कुमारी और निक्की प्रधान भी शामिल हैं।

************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई खेलों में ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिये भारतीय एथलीटों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह एशियाई खेलों में भारत के लिए एक यादगार उपलब्धि है। श्री मोदी ने कहा कि वे एशियाई खेल में शामिल भारतीय दल से मंगलवार को मुलाकात करेंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि एशियाई खेल प्रतियोगिता के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने पूरी क्षमता और कौशल का प्रदर्शन किया और देश को उन पर गर्व है।

इधर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी भारतीय खिलाड़ियों को बधाई दी हैं।

************

जिलास्तरीय खेलो झारखंड 2023–24 के तहत खो–खो प्रतियोगिता का आयोजन गढ़वा में किया गया। इसमें अंडर–14, अंडर–17 और अंडर–19 के बालक–बालिकाओं के बीच प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी विजेता और उप विजेता टीमों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

************

झारखंड की आकांक्षा कुमारी ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल की कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य को दूसरा रजत पदक दिलाया है। मध्य प्रदेश के विदिशा में आयोजित कुश्ती प्रतिस्पर्धा में आकांक्षा ने अंडर –14 बालिका के 42 किलोग्राम भार वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की है।

*********समाप्त*********